समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# हनुमानगढ़ मे वंन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2025 का भव्य समापन, 7.11 लाख लोगों ने लिया भाग।


Publisher Published on 24 Jun 2025





## राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले ने जल संरक्षण अभियान मे दिखाई नई चेतना, 15,000 से अधिक गतिविधियों मे रिकॉर्ड सहभागिता, राज्य मे हांसिल किया पांचवां स्थान।

सवांदाता, हनुमानगढ़,

राजस्थान

**हनुमानगढ़, राजस्थान : जल, हरियाली** और **जीवन रक्षा** को समर्पित "**वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2025**" का जिला स्तरीय समापन समारोह सोमवार को **हनुमानगढ़-गंगानगर रोड स्थित जण्डावाली के पास जेआरके नहर** पर **उत्साह, उल्लास** और **जनचेतना** के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह ने जन भागीदारी की नई मिसाल पेश की, जिसमें लगभग 7.11 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया।

**कार्यक्रम की झलकियां:**

१. **मां सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई**

२. **राजीविका समूह की 50 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा मे कंलश यात्रा निकाली**

३. **नहर पूजन कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया**

४. **मंच पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अफसरों की उपस्थिति**

५. **श्रमदान, पौधारोपण, जल पूजन, कार्यशालाएं, जन रैलियां प्रमुख गतिविधियों मे शामिल**

**प्रशासनिक संबोधन और अपील :**

कार्यक्रम में **अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना** ने **जल संरक्षण और नशा मुक्ति की शपथ** दिलाई। **जिला परिषद सीईओ ओ.पी. विश्नोई** ने जानकारी दी कि हनुमानगढ़ ने पूरे राज्य में **पांचवां स्थान** प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी अपील की कि यह जनसंकल्प सिर्फ एक पखवाड़े तक सीमित न रहकर **जन आंदोलन** का रूप ले।

**हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण**

समापन अवसर पर **सांकेतिक पौधारोपण** कर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही।

**सम्मानित जल योद्धा :**

**जल और पर्यावरण संरक्षण** में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को **प्रशस्ति पत्र** देकर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख नाम हैं:

१. **मनफूल राम (जाखड़ावाली)**
२. **संजय मांजू (गौशाला समिति, पीलीबंगा)**
३. **चंद्रभान (पोहड़का)**
४. **धर्मपाल सिहाग (पल्लू)**
५. **हंसराज धारणिया (सरपंच, चंदूरवाली)**
६. **राधाकृष्ण कड़वासरा (विकास अधिकारी, संगरिया)**
७. **सायर कंवर (राजीविका, रावतसर)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.